ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
जहाँ सेवा ही जीवन – ध्येय है

Punjab & Sind Bank
(A Govt. of India Undertaking)
Where service is a way of life

राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

पंजाब एण्ड सिंध बैंक को वर्ष 2019-20 के लिए 'क' क्षेत्र का द्वितीय राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

पंजाब एण्ड सिंध बैंक को राष्ट्रीयकृत बैंकों/ वित्तीय संस्थानों की श्रेणी में द्वितीय राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार वर्ष 2019-20 में राजभाषा के श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए बैंक को दिनांक 14.09.2021 को प्लेनरी हॉल, विज्ञान भवन में आयोजित हिंदी दिवस समारोह-2021 के अवसर पर गृह राज्य मंत्री के कर कमलों से प्रदान किया गया। बैंक की ओर से श्री एस कृष्णन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया, उनके साथ इस कार्यक्रम में बैंक के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कामेश सेठी तथा वरिष्ठ प्रबंधक श्री निखिल शर्मा भी उपस्थित रहे।

पुरस्कार मिलने पर प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बैंक में हो रहे राजभाषा कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा बैंक के कार्यकारी निदेशक सहित उच्चाधिकारियों को पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। साथ ही उन्होनें समस्त उच्चाधिकारियों को यथासंभव अपने कार्यालयीन कार्य हिंदी में निष्पादित करने तथा कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य को लेकर बल दिया। उन्होनें आगे बताया कि बैंक अपने विभिन्न ऐप्लीकेशन/ बैंकिंग सुविधाओं को हिंदी के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषा में भी उपलब्ध कराने की ओर अग्रसर है तथा बैंक अपने ऋण उत्पादों के नाम हिंदी में रख रहा है जिससे राजभाषा कार्यान्वयन में बैंक की सक्रिय भूमिका बनी रहे। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आशा जताई कि आगामी समय में बैंक एक बार पुनः प्रथम राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त करने में सफल होगा। ध्यातव्य है कि इससे पूर्व भी बैंक को दो बार कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हो चुका है जिनमें से एक प्रथम और एक द्वितीय पुरस्कार रहा है।